नेपाल की महामहिम राष्ट्रपति, श्रीमती बिद्या देवी भंडारी के सम्मान में आयोजित राजभोज में भारत के राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी का अभिभाषण
राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-19.04.2017

महामहिम राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी
नेपाल के संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य की राष्ट्रपति,
नेपाल सरकार के माननीय मंत्रीगण
विशिष्ट अतिथिगण
देवियो और सज्जनो,

मदाम राष्ट्रपति, आपकी भारत की प्रथम राजकीय यात्रा पर आपका स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे कुछ ही महीने पूर्व नेपाल की अपनी राजकीय यात्रा का स्मरण हो आया है। मेरी यात्रा के दौरान आप महामहिम द्वारा शानदार आतिथ्य और नेपाल की जनता द्वारा अभिव्यक्त भारी स्नेह आज भी मेरे मस्तिष्क में ताज़ा है।

महामहिम,

भारत और नेपाल की बीच समानता का निकट संबंध हमारे भूगोल द्वारा परिभाषित है और हमारी साझी संस्कृति और इतिहास द्वारा समृद्ध है। हमारे दीर्घकालीन भाईचारे के संबंध भारत और नेपाल की क्रमिक सरकारों और नेताओं द्वारा गतिशील और समृद्धिशील साझेदारी में विकसित किए गए हैं। हम इसे प्राकृतिक और न्यायसंगत समझते हैं कि एक अद्वितीय और उदाहरणीय संबंध के रूप में, हमारे दोनों देशों को निरंतर अपनी अनेक संपूरकताओं पर बल देना चाहिए। सभी अवसरों को तलाशना चाहिए और हमारे साझे हितों के लिए सहयोग के नए तरीके ढूंढने चाहिए।

महामहिम

नेपाल के सामाजिक-आर्थिक विकास में भारत की स्थायी रुचि है। हमें विश्वास है कि हमारे दोनों देशों की खुशहाली, सुरक्षा और कल्याण परस्पर जुड़े हुए हैं। नेपाल की जनता और सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार सभी संभावित सहायता के लिए भारत कटिबद्ध है।

आज, लोकतांत्रिक और बहुलवादी देशों के रूप में, भारत और नेपाल एक उच्चतर विकास दर, एक समावेशी समाज, स्थायी विकास और एक बाह्य वातावरण की अभिलाषा करते हैं जो हमारे राष्ट्रीय विकास में सुविधा पहुंचाए। हमारे दोनों देशों के लोग आतंकवाद के खतरे का सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में विरोध करते हैं। हमारे लिए विकास और प्रगति सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। हमारे साझे उद्देश्यों के सफल परिणामों के लिए हम बारीकी से सहयोग कर रहे हैं।

महामहिम,

नेपाल अपने लोगों को समेकित करने और आर्थिक समृद्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से शांति, स्थिरता और बहु-दलीय लोकतंत्र के प्रति जिज्ञासा के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है।

भारत नेपाल के लोगों के उद्यम और उपलब्धियों की प्रशंसा करता है। नि:संदेह वे उनकी बुद्धिमता और लचीले संवाद और समझ के द्वारा आम सहमति बनने में सफल होंगे ताकि वे एक संघीय और लोकतांत्रिक फ्रेमवर्क के भीतर अपने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर सकें। हम इस नेक परिश्रम में नेपाल की जनता को उनकी प्रत्येक सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

महामहिम,

आज, जब भारत प्रभावशाली आर्थिक बदलाव की स्थिति में है, यह सभी क्षेत्रों में निवेशकों और भागीदारों को अभूतपूर्व अवसर प्रदान कर रहा है। हम नेपाल के लोगों का इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए स्वागत करते हैं। हम व्यापारियों, उद्योगपतियों और निवेशकों तथा छात्रों, विद्वानों और शिक्षाविदों के बढ़ते हुए आदान-प्रदान को देखकर प्रसन्न हैं और हमने हमारे दोनों देशों के बीच पर्यटक प्रवाह के स्तरों में संवर्धन किया है।

मदाम राष्ट्रपति जी, आपकी यात्रा ने हमें हमारे विशेष संबंध को पुन: पुष्ट करने और हमारी बहुमुखी साझेदारी को और अधिक समृद्ध करने के उपायों को पहचानने का अवसर प्रदान किया है। भारत में आपके इस अल्प ठहराव के दौरान, हमारे नेताओं और हमारी जनता के विभिन्न वर्गों के साथ बैठक में आप नेपाल के साथ भारत के द्विपक्षीय सहयोग और मैत्री के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता का एक स्पष्ट और अटल संदेश पाएंगी। भारत हमारे साझे हितों को भी उस क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से विकसित करना चाहता है, जो एक दूसरे की हित-चिंताओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता पर आधारित है। साथ ही साथ हम अपनी-अपनी जनता और वस्तुत: हमारे समग्र क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए अपने पड़ोसी देशों के साथ कार्य कर सकते हैं।

इन्हीं शब्दों के साथ, देवियो और सज्जनो,

देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिलकर:

- नेपाल की महामहिम राष्ट्रपति के व्यक्तिगत स्वास्थ्य;
- नेपाल की मित्र जनता की सतत प्रगति और समृद्धि; तथा
- भारत और नेपाल के सफल सहयोग और चिरस्थायी मैत्री की कामना करें।

धन्यवाद।